कुलाधिपति
लखनऊ विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
CHANCELLOR
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

राज भवन, लखनऊ
RAJ BHAWAN
LUCKNOW
Pin Code-226027

संख्या–ई– 5365/जी0एस0 **दिनांकः 27 जुलाई, 2025**

आदेश

1. प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का चयन निदेशक, आई0आई0एम0, कलकत्ता के पद पर हो जाने के परिणाम स्वरूप, कुलपति के पद से कार्यमुक्त किये जाने विषयक पत्र दिनांक 26.07.2025 को प्रस्तुत करते हुए, दिनांक 27.07.2025 की अपरान्ह से कार्यमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. मैं, आनंदीबेन पटेल, कुलाधिपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा–12(10) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रो0 मनुका खन्ना, प्रति कुलपति को, नियमित कुलपति की नियुक्त होने, छः माह से अनधिक पदावधि अथवा अग्रिम आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति के दायित्वों के निर्वहन हेतु नियुक्त करती हूँ।

3. इस हेतु प्रो0 मनुका खन्ना, प्रति कुलपति को कोई अतिरिक्त वेतन भत्ता आदि देय नहीं होगा।

4. प्रो0 आलोक कुमार राय, दिनांक 27.07.2025 की अपरान्ह से कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के पद से कार्यमुक्त माने जायेंगे।

(आनंदीबेन पटेल)
कुलाधिपति

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2– प्रो0 मनुका खन्ना, प्रति कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
3– प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4– कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव